डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
पटना, 28 मार्च मंगलवार, 2023 | दैनिक







## कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए काले कपड़े पहनकर पहुंचे

# प्रदेश कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी मुख्य संघटक बने प्रो संजय कुमार

पटना ।कांग्रेस दर्पण



पटना। बिहार कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी मुख्य संघटक के पद पर प्रो डॉ संजय कुमार का मनोनयन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि अखिल भारतीय सेवादल के मुख्य संघटक लालजी देसाई ने प्रो डॉ संजय कुमार के मनोनयन के सम्बंध में पत्र जारी किया। साथ ही निवर्तमान प्रदेश मुख्य संघटक मोहम्मद शोएब और अखिलेश कुमार विद्यार्थी की भूमिका की सराहना की। प्रो डॉ संजय कुमार के मनोनयन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह , मीडिया विभाग के चैयरमेन राजेश राठौड़, निर्मल वर्मा , ब्रजेश पांडेय , आनंद माधव ,स्नेहाशीष बर्धन पांडेय ने शुभकामनाएं दी है । बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी संगठक डॉ० संजय कुमार जहानाबाद जिले के निवासी हैं। जहानाबाद स्थित रामलखन सिंह यादव कालेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार के पिता प्रो० डॉ० चन्द्रिका प्रसाद यादव जहानाबाद विधानसभा से दो बार, अरवल विधानसभा से एक बार तथा जहानाबाद लोकसभा से 1977 में कांग्रेस के उम्मीदवार रह चुके हैं। इनकी माँ श्रीमती कमला देवी जिला परिषद जहानाबाद की पूर्व अध्यक्षा हैं। पुराने एवं प्रतिष्ठित कांग्रेसी परिवार के डॉ संजय 1999 से ही कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं और पूर्व में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव पद पर भी कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में बिहार में कांग्रेस विचारधारा की लोकप्रिय हिंदी एवं उर्दू ई– दैनिक कांग्रेस दर्पण के प्रकाशक एवं सम्पादक भी हैं, जिसके माध्यम से कांग्रेस पार्टी की खबरें बिहार के जन जन तक पहुंच कर कांग्रेस को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। **-राजेश राठौड, चेयरमैन, मीडिया विभाग, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी**

---

**डॉ संजय कुमार को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी का मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्हें असीम, अनंत, अशेष शुभकामना।आशा है इनके कुशल नेतृत्व में सेवा दल और सुदृढ़ होगी।शुभकामनाओं सहित।सुरेश प्रसाद यादव,अध्यक्ष, बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड।**



**बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के माननीय अध्यक्ष श्री शिव प्रकाश गरीब दास जी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का रीढ़ माने जाने वाला सेवादल ईकाई का बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल का ₹मुख्य कार्यकारी संगठक₹ पद पर डॉ संजय कुमार जी को नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि इनके कुशल नेतृत्व में पूरे बिहार में कांग्रेस सेवादल ईकाई मजबूत होगी एवं बिहार कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी के कदमों से कदम मिलाते हुए संपूर्ण बिहार में कांग्रेस के संगठन को मजबूती में मील का पत्थर साबित होगा।**





# जब अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा कि अगर जिंदा हूं तो राजीव गांधी जी की वजह से !


## प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी जी ने की थी अटल जी की गुप्त मदद

इंजीनियर मोहिउद्दीन खान

मौजूदा दौर की राजनीति में बहुत गिरावट आयी है। विपक्ष की बात नही सुनना जैसे कि जानी दुश्मन हों। लेकिन भारत की राजनीति पहले ऐसी नहीं थी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नियंत्रण और संतुलन के लिए विपक्ष का होना जरूरी है। विरोध पहले भी था। लेकिन आज की तरह जहरबुझा नहीं था। विरोध नीतियों तक सीमित था व्यक्ति के स्तर पर विपक्ष दलों और सत्ता दल के नेता एक दूसरे का बहुत सम्मान करते थे। एक दूसरे की तकलीफों के लिए फिक्रमंद भी होते थे। एक दूसरे की बात सुनते थे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका दिया जाता था। आज की सरकार किसी का नही सुनती हैं।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बाजपेयी ने 1991 में कहा था, ₹ अगर आज में जिंदा हूं तो राजीव गांधी की वजह से।₹ इस बात से समझा जा सकता है कि उस समय का राजनीतिक परिदृश्य कैसा था। पहले राजनीतिक विरोध होने के बाबजूद नेता एक दूसरे की मदद करते थे और उसका ढिंढोरा भी नहीं पिटते थे। मदद इस तरह की कि सामने वाले का आत्मसम्मान भी बना रहे। राजीव गांधी ने जिस शालिनता के साथ अटल बिहारी वाजपेयी की मदद की थी उसकी मिसाल मुश्किल है।1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐसी आंधी चली थी कि विरोधी दल के बड़े बड़े बरगद उखड़ गये थे। जनसंघ के दिग्गज नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी विपक्ष के सबसे लोकप्रिय नेताओं में एक थे 1984 के चुनाव में वे ग्वालियर से किस्मत आजमाना चाहते और चुनाव हार चुके थे।

### राजीव गांधी जी ने इस तरह की अटल जी की मदद

कांग्रेस की रणनीति के कारण अटल बिहारी वाजपेयी चुनाव हार गये। लेकिन इस हार का अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के निजी रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ा। लोकसभा चुनाव के बाद अटल बिहारी वाजपेयी किड़नी संबंधी बीमारी से परेशान रहने लगे। उनकी जो बीमारी थी उस भारत में उसका सटीक इलाज संभव न था। डॉक्टरों ने अमेरिका जा कर इलाज कराने की सलाह दी थी। उस समय अटल जी की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे अमेरिका जा कर अपना इलाज करवा सकें। किसी तरह प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को ये बात मालूम हो गयी। उन्होंने एक दिन अटल बिहारी वाजपेयी को औपचारिक मुलाकात के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय आने के निमंत्रण दिया। वाजपेयी जी गये। वाजपेयी जी से राजीव गांधी ने कहा, सरकार ने तय किया है कि आपके नेतृत्व में भारत का एक प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र भेजा जाय। आपके अनुभवों का फायदा उठाना चाहती है सरकार। इस सरकारी दौरे में आप अमेरिका में अपनी बीमारी का इलाज भी करा सकते हैं। इस तरह वाजपेयी जी अमेरिका गये। वहां उन्होंने अपनी बीमारी का इलाज कराया जिससे उनकी जान बच सकी।







राहुल गांधी जी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के समाधि स्थल पर

### राजीव गांधी ने कभी किसी दूसरे से इस मदद की चर्चा नहीं की।

सब लोगों ने यही समझा कि अटल जी जैसे बड़े नेता और प्रखर वक्ता को उनकी योग्यता के आधार पर संयुक्त राष्ट्र भेजा गया है। अटल जी भारत के वे पहले नेता थे जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दे कर देश का गौरव बढ़ाया था।

### राजीव गांधी जी कभी इस बात का जिक्र नहीं किया


राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और अटल बिहारी वाजपेयी विपक्षी दल के नेता थे। भाजपा और कांग्रेस के बीच विरोध के कई मुद्दे थे। राजीव गांधी चाहते तो भाजपा को नीचा दिखाने के लिए वाजपेयी जी को मदद करने की बात सार्वजनिक कर सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा बिल्कुल नहीं किया। अटल बिहारी वाजपेयी की जब तबीयत ठीक हो गयी तो उन्होंने एक पोस्टकार्ड लिख कर राजीव गांधी को इस शिष्टता के लिए आभार जताया था। ये राज शायद राज ही रह जाता। लेकिन 1991 में राजीव गांधी की अचानक हत्या ने अटल बिहारी वाजपेयी को विचलित कर दिया। वे इतने भावविह्वल हो गये कि उन्होंने राजीव गांधी की उदारता और विशिष्टता को बताने के लिए ये किस्सा बयां कर दिया। राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी परस्पर विरोधी थे। लेकिन दोनों एक दूसरे के प्रति उदार थे। दोनों के मन में एक दूसरे के लिए सम्मान की भावना थी। जीत–हार अपनी जगह है। रिश्ते अपनी जगह हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी की अगुवाई में चल रही भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली यात्रा के दौरान जब राहुल गांधी जी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल सदैव अटल पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी.राहुल गांधी साफ संदेश देने की कोशिश किए कि कांग्रेस के लिए राजनीतिक लाभ से ज्यादा देश जोड़ना जरूरी है.राहुल गांधी जी राजीव गांधी जी की तरह विचार रखते ह लेकिन आज राहुल गांधी के के खिलाफ मोदी सरकार ने राहुल गांधी के विरुद्ध षड्यंत्र की सभी हदें पार कर दीं ।राहुल गाँधी को भाजपा ने आज के मीर जाफर कहा और बोला मीर जाफर को माफी माँगनी ही पड़ेगी। राहुल गांधी सत्य पर है और सत्य की जीत हमेशा होती है । भाजपा ने ऐसे परिवार को बदनाम किया है जो देश के लिए बलिदान दिया है अटल जी और राजीव गांधी जी एक दूसरे की बहुत इज्जत करते थे। लेकिन मोदी जी हमेशा करवी बातें करते है।

# सत्याग्रह आंदोलन उड़िशा राज्य के कालाहांडी जिला में

पटना ।कांग्रेस दर्पण

जब जब जुल्मी जुल्म करेगा सत्ता के गलियारों से चपा चपा गूँज उठेगा इंकलाब के नारों से। आज कालाहांडी माटि के जन नेता एवं बिहार मिजोरम मणिपुर कांग्रेस प्रभारी आदरणीय श्री भक्तचरण दास जी के नेतृत्व में एक दिवसीय सत्याग्रह किया गया। सत्याग्रह का मतलब अब हम कांग्रेसियों का सत्य का सत्य के साथ और सत्य की राह पर आज से शुरू हो गया है जो निरंतर भिन्न भिन्न स्वरूपो में मोदी के हटने तक चलता रहेगा।





# कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय सत्याग्रह




पटना। कांग्रेस दर्पण

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामजीलाल ओड ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय सत्याग्रह कार्यक्रम 1 अप्रेल को प्रातः 11 बजे शहीद स्मारक पर आयोजित होगा जिसमें पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ,राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा भाग लेंगे।

कार्यकम में जयपुर संभाग के जिले दौसा,अलवर, भरतपुर,करौली और झुंझुनूं के जिलाध्यक्षगण, एआईसीसी/पीसीसी सदस्यगण, सांसद/सांसद प्रत्याशीगण,विधायक/विधायक प्रत्याशीगण, जिला कांग्रेस कमेटी और सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारीगण ,सभी अग्रीम संगठनो के अध्यक्षगण ,ब्लॉक अध्यक्षगण, नगर निगम /नगर पालिका/नगर परिषद के अध्यक्ष/सभी पार्षदगण,जिला परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्य,पंचायत समिति प्रधान, व सदस्य,समस्त मण्डल अध्यक्षगण,सभी प्रकोष्टे के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन और समस्त सर्किय कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेगें। निवेदक।

**अशोक कटारिया, जिलाध्यक्ष दौसा, कांग्रेस कमेटी, (सोशल मीडिया विभाग)**




दिनांक 29.03.2023 को दिन के 11.30 बजे मटिहानी ब्लॉक पे युवा कांग्रेस के द्वारा मोदी सरकार के तानाशाही की खिलाफ और राहुल गांधी जी की सदस्यता को खत्म किया गया उसके विरोध में प्रदर्शन और मोदी सरकार का पुतला दहन का कार्य क्रम करना है आप तमाम साथियों और कॉन्ग्रेस जनों से निवेदन है अपने नेता की मान सम्मान के लिए आना होगा धन्यवाद

निबेदक गोपाल चौधरी (मटिहानी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष )

और समस्त कॉन्ग्रेस जन

## मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति, 203 गांवों में खुलेंगे नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र,

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के गांव–ढाणी तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 26 जिलों के 203 गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से उप स्वास्थ्य केंद्रों में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 203 पदों का भी सृजन होगा। इससे स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इनमें सीकर के 26, दौसा के 21, झुंझुनू के 19, अलवर के 14, जयपुर, अजमेर एवं नागौर के 12–12, राजसमंद एवं टोंक के 9–9, कोटा के 8, करौली के 7, भरतपुर एवं हनुमानगढ़ के 6–6, चूरू, भीलवाड़ा एवं सवाई माधोपुर के 5–5, बारां, जोधपुर एवं सिरोही के 4–4, चित्तौड़गढ़, उदयपुर व धौलपुर के 3–3, बांसवाड़ा व जालौर के 2–2, बाड़मेर और पाली का 1–1 गांव शामिल है।

# अजमेर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों लेकर पटेल मैदान, अजमेर का जायजा लेते

पटना। कांग्रेस दर्पण

अडानी महाघोटाले पर सत्य की आवाज़ दबाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ भाजपाई षड्यंत्र के विरोध में माननीय मुख्यमंत्री श्री Ashok Gehlot जी, AICC राजस्थान प्रभारी श्री #Sukhjinder_INC व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री Govind Singh Dotasra के नेतृत्व में 31 मार्च 2023 को अजमेर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों लेकर पटेल मैदान, अजमेर का जायजा लेते RTDC चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ जी एवं तैयारियां को लेकर चर्चा करते।



**राजस्थान के मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियों का जायजा लेते हुए पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री राजेंद्र जी सोलंकी साहब, जन अभाव अभियोग विभाग के अध्यक्ष पुखराज जी पाराशर साहब, जिला कांग्रेसी उत्तर एवं दक्षिण के जिलाध्यक्ष सलीम साहब और नरेश जी जोशी सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए**



## संभाग स्तरीय सत्याग्रह कार्यक्रम 1 अप्रेल को

दौसा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामजीलाल ओड ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय सत्याग्रह कार्यक्रम 1 अप्रेल को प्रातः 11 बजे शहीद स्मारक पर आयोजित होगा जिसमें पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ,राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ,राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा भाग लेंगे।

कार्यकम में जयपुर संभाग के जिले दौसा,अलवर, भरतपुर,करौली और झुंझुनूं के जिलाध्यक्षगण, एआईसीसी/पीसीसी सदस्यगण, सांसद/सांसद प्रत्याशीगण,विधायक/विधायक प्रत्याशीगण, जिला कांग्रेस कमेटी और सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारीगण ,सभी अग्रीम संगठनो के अध्यक्षगण ,ब्लॉक अध्यक्षगण, नगर निगम /नगर पालिका/नगर परिषद के अध्यक्ष/सभी पार्षदगण,जिला परिषद के अध्यक्ष एवं सदस्य,पंचायत समिति प्रधान, व सदस्य,समस्त मण्डल अध्यक्षगण,सभी प्रकोष्टो के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन और समस्त सर्किय कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेगें। निवेदक।

अशोक कटारिया
जिलाध्यक्ष दौसा
कांग्रेस कमेटी
(सोशल मीडिया विभाग)




अखिल भारतीय पान महासंघ ने दिनांक : 04.06 2023, दिन रविवार को पटना के बापू सभागार में कबीर जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस आयोजन में बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी, कांग्रेस के बिहार प्रभारी श्री भक्त चरण दास जी एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष श्री अखिलेश प्रसाद सिंह जी को शामिल होने हेतु आमंत्रित किया जाएगा।




: कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री Mallikarjun Kharge






## 203 गांवों में खुलेंगे नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के गांव-ढाणी तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी ने 26 जिलों के 203 गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से उप स्वास्थ्य केंद्रों में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 203 पदों का भी सृजन होगा। इससे स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति, 203 गांवों में खुलेंगे नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पदों का भी सृजन

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के गांव-ढाणी तक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 26 जिलों के 203 गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस निर्णय से उप स्वास्थ्य केंद्रों में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 203 पदों का भी सृजन होगा। इससे स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा तथा अन्य स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

इनमें सीकर के 26, दौसा के 21, झुंझुनू के 19, अलवर के 14, जयपुर, अजमेर एवं नागौर के 12-12, राजसमंद एवं टोंक के 9-9, कोटा के 8, करौली के 7, भरतपुर एवं हनुमानगढ़ के 6-6, चूरू, भीलवाड़ा एवं सवाई माधोपुर के 5-5, बारां, जोधपुर एवं सिरोही के 4-4, चितौड़गढ़, उदयपुर एव धौलपुर के 3-3, बांसवाड़ा व जालौर के 2-2, बाड़मेर और पाली का 1-1 गांव शामिल है। गहलोत द्वारा बजट वर्ष 2022-23 में प्रदेश के 1 हजार गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा की गई थी। इनमें से 797 गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति पूर्व में ही जारी की जा चुकी है।

## प्रेस सूचनार्थ

मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस का शांतिपूर्ण सत्याग्रह । अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में श्री राहुल गांधी जी को अलोकतांत्रिक तरीके से संसद की सदस्यता समाप्त करने एवं मोदी सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा दिनांक- 28 मार्च 2023 को समय- 11 बजे दिन से 05 बजे शाम तक गांधी पार्क बालुआही खगड़िया में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष जिला अध्यक्ष श्री कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डू पासवान जी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण सत्याग्रह कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित किया गया है। अतः खगड़िया के सम्मानित चैनल, प्रिंट, डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों से सादर अनुरोध है कि सत्याग्रह कार्यक्रम का कवरेज लेने का कष्ट करेंगे।

शुभकामनाओं सहित।

भवदीय
अरुण कुमार अधिवक्ता,
प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी,
जिला कांग्रेस कमिटी, खगड़िया।

# श्रीगंगानगर में सत्याग्रह



पटना । कांग्रेस दर्पण

राहुल गांधी जी की सदस्यता रद्द करने पर अखिल भारतीय कोंग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर के गांधी चोक गोल बाजार मे सुबह10बजे से 5 तक सत्याग्रह रखा गया इसमे पुरे जिले से कोंग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा रघुपति राघव राजा राम के भजन से संदेश दिया की भारत के लोकतंत्र को सता के नशे में चूर केंद्र सरकार लोकतंत्र को कुचलने की पराकाष्ठा कर रही है कार्यक्रम महात्मा गांधी जी के स्टेचू पर माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित कि गई इस मे श्रीगंगानगर विधायक राजकुमार गौड़, डुगरराम गेदर राज्य मंत्री अध्यक्ष माटी कला बोर्ड, जगदीश जागिड़ विधायक सादुलशहर, पूर्व विधायक सोहनलाल नायक, कोंग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अजय चड्ढा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमला विशनोई, भीमराज ढुढाडा ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी विभाग श्रीगंगानगर, मनोज शर्मा सेवादल , अशोक चांडक, सोना देवी पूर्व विधायक, राजेन्द्र भोभरिया, जयकुमार ढालिया सेवादल, प्रेम कुमार भाटिया, रमेश शर्मा पार्षद, प्रेम नायक पार्षद, भूप तालणिया, राजकुमार महेन्द्रा, लालचंद ब्लॉक अध्यक्ष ,सोहन नायक, आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहें शाम बजे राष्ट्रगान गायन करके सत्याग्रह का समापन हुआ इसके बाद सेवादल कोंग्रेस व सभी कार्यकर्ताओ ने गांधी चोक पर सफाई अभियान चलाया ओर आस पास का कचरा कुडेदान मे डाला व गांधी जी के आदर्शों पर चलकर अहिंसा के मार्ग पर चलते हुऐ इस अहंकारी सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त किया गया

# सदन से सड़क तक कांग्रेस पार्टी सहित विपक्षी दलों के नेताओ, कार्यकर्ताओं ने काला कपड़ा पहन कर विरोध प्रदर्शन किया

पटना । कांग्रेस दर्पण

आज लोकसभा परिसर दिल्ली, विधानसभा परिसर पटना से लेकर सड़क तक राहुल गांधी के आनन फानन में मोदी सरकार के इशारे पर सदस्यता समाप्त करने, तथा अडानी समूह महाघोटाला की जेपीसी जांच कराने की मांग को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन हुआ ।

गया में स्थानीय इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, कुंदन कुमार, श्रवण पासवान,उदय शंकर पालित, मिथिलेश सिंह, शशिकांत सिन्हा, शिव कुमार चौरसिया, मो सरवर खान, दामोदर गोस्वामी, जितेंद्र यादव, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, आदि अपने, अपने मुंह पर काली पट्टी बांध कर शांतिपूर्ण धरना देते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार के गलत नीतियों, विफलताओं के

#कला_कपड़ा ।।
#ना_डरेंगे_ना_झुकेंगे_डटकर_लड़ेंगे ।।




खिलाफ शुरू से संसद से सड़क तक राहुल गांधी जी के नेतृत्व में लड़ते आ रही है, इधर भारत जोड़ो यात्रा की व्यापक सफलता एवम् अडानी प्रकरण की जेपीसी जांच की मांग से डरी और घबराई मोदी सरकार नेहरू, गांधी जैसे शहीदी परिवार से आने वाले राहुल गांधी जी को सत्ता पक्ष के लोग कभी उन्हे देशद्रोही कहने तथा बनावटी, झूठे मुकदमे कर तरह , तरह के हथकंडे अपना कर बदनाम करने की नाकाम कोशिश कर रहे है जिससे देशवासियों में काफी आक्रोश है, देशभर के घर, घर में इस बात की चर्चा है की आज राजनीतिक स्तर इतना गिर गया है की सत्ता पक्ष के लोग साहसी, संघर्षशील, जनप्रिय, ईमानदार विपक्ष के नेता को ऐन केन प्रकार लोकसभा सदस्यता तक समाप्त करने का काम कर रहे है।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी बिना डरे, बिना झुके दिन रात देश के जनमानस की लड़ाई लड़ते रहेगी, तथा देश की 140 करोड़ जनता कांग्रेस के साथ रहेगी।

नेताओ ने कहा की राहुल गांधी जी के मुद्दे पर पहली बार सभी विपक्षी दल एकजुट है, तथा अडानी प्रकरण महाघोटाला की जांच के लिए संघर्ष जारी रहेगा ।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू

दिनांक 27/03/2023 को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का बिछीवाड़ा के ग्राम पंचायत कनबा से शुरू होकर नवलश्याम पहुंची । इसमें डूंगरपुर उप जिला प्रमुख सुरता परमार ,बिछीवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष दिक्षांत पाटीदार ,डूंगरपुर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण जी साद, समाज सेवी केवलराम जी कोटेड ,प्रभारी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान लक्ष्मीचंद जी यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि नारायण पार्गी , मंडल अध्यक्ष रूपलालजी वरहात , पूर्व जिला परिषद सदस्य बालकृष्ण परमार , समाजसेवी व सरपंच प्रतिनिधि बीरबल जी पदमात तथा समस्त कांग्रेसी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे जिसमें राज्य सरकार की महत्वपूर्ण एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं को बताया ग्रामीणों की समस्याओं को जाना ।उसके साथ साथ राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन कर पेंपलेट और राहुल गांधी जी का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का स्टीकर लगाकर हाथ से हाथ जोड़ कर कांग्रेस को बहुमत देने का आह्वान किया ।

## आमन्त्रण

आदरणीय समस्त जिला/महानगर पदाधिकारियों/एआईसीसी/पीसीसी सदस्यों/पूर्व सदस्यों/विधानसभा के प्रत्याशियों/पूर्व पार्टी पदाधिकारियों/सभी फ्रंटल संगठन/विभाग/प्रकोष्ठ के अध्यक्षों/ पदाधिकारियों/ समस्त वरिष्ठ कांग्रेसी नेताऔ व कार्यकर्ताओं के सूचनार्थ...

जैसा की आप सब को पता है कि संसद में आम जनमानस की आवाज श्री राहुल गाँधी जी को चुप कराने के लिए सरकार द्वारा असवेधानिक तरीके से लोकसभा सदस्यता निरस्त करने के विरोध मे दिनाक 28/3/23,को दोपहर 11 बजे कचहरी स्थित अम्बेडकर पार्क में ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में पहुँच कर अपने नेता श्री राहुल गांधी जी के समर्थन में आवाज़ बुलंद करने का कार्य करे।

**निवेदक- मा. अजय राय जी**
**प्रांतीय अध्यक्ष प्रयागराज जोन**
**मा. राजेश मिश्रा जी, पूर्व सांसद**
**राजेश्वर सिंह पटेल**
**जिला कांग्रेस कमेटी वाराणसी**
**श्री राघवेन्द्र चौबे जी**
**महानगर कांग्रेस कमेटी वाराणसी**

## मोदी सरकार के तानाशाही की खिलाफ प्रदर्शन

दिनांक 29.03.2023 को दिन के 11.30 बजे मटिहानी ब्लॉक पे युवा कांग्रेस के द्वारा मोदी सरकार के तानाशाही की खिलाफ और राहुल गांधी जी की सदस्यता को खत्म किया गया उसके विरोध में प्रदर्शन और मोदी सरकार का पुतला दहन का कार्य क्रम करना है आप तमाम साथियों और कॉन्ग्रेस जनों से निवेदन है अपने नेता की मान सम्मान के लिए आना होगा धन्यवाद

निबेदक गोपाल चौधरी ( मटिहानी विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष )
और समस्त कॉन्ग्रेस जन




अमृत काल नहीं यह लोकतंत्र
जाने का बन गया है ये काल।
अब तूँ देख न ठग आ रही है,
सन24के दिन तेरे विकराल।
न केंद्र न राज्य में रहेगी सत्ता,
जन बीच यही तो बजेंगे डंका।
दिनेश शंकर दास,BPCC



# 'मित्रों के चक्कर में देश का बंटाधार'

आज पूरा देश देख रहा है कि कैसे पूरी भाजपा सरकार देश को लूटने वाले लुटेरों के साथ खड़ी है। जो पार्टी भ्रष्टाचार को खत्म करने के वादे पर सरकार में आई थी, वो दिनदहाड़े लूट और भ्रष्टाचार का नया रिकॉर्ड बना रही है।

देश का प्रधानमंत्री 140 करोड़ नागरिकों के प्रति अपने कर्तव्यों को भुलाकर अपने कुछ लुटेरे मित्रों को बचाने में पूरी ताकत से लग गया है।

विपक्षी दल जब जनता के खून-पसीने की कमाई को लूटने वाले अडानी, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो पूरी सरकार और उसकी मशीनरी खुलकर विपक्ष की आवाज को बंद कराने लगती है। यह किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए जितना शर्मनाक है उससे अधिक खतरनाक।

क्या देश की जनता को यह जानने का हक नहीं है कि....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी का क्या रिश्ता है ?

शेल कंपनियों द्वारा अडानी समूह में लगाया गया ₹20,000 करोड़ किसका है ?

LIC, SBI और EPFO की पूंजी अडानी को क्यों सौंपी जा रही है ?

घोटालों के खुलासे के बाद भी जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में क्यों निवेश किया जा रहा है ?

इन सवालों का जवाब ऐसे वक्त में और जरूरी हो जाता है जब लुटेरों के लिए बैटिंग करने वाली मोदी सरकार घटियापन पर उतारू है, संसद को म्यूट करके लोकतंत्र को म्यूट करने की कोशिश में है।

जांच और जवाब के नाम से घबराने वाली सरकार अपनी पोल खुलने के डर से किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है।




# सत्य की आवाज़ दबाने की साजिश



पटना। कांग्रेस दर्पण

अडानी महाघोटाले पर सत्य की आवाज़ दबाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ भाजपाई षड्यंत्र के विरोध में माननीय मुख्यमंत्री श्री **Ashok Gehlot** जी, AICC राजस्थान प्रभारी श्री #Sukhjinder_INC व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष श्री **Govind Singh Dotasra** के नेतृत्व में 31 मार्च 2023 को अजमेर में आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों लेकर पटेल मैदान, अजमेर का जायजा लेते RTDC चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ जी एवं तैयारियां को लेकर चर्चा करते।



**राजस्थान के मुख्यमंत्री जी के आगमन की तैयारियों का जायजा लेते हुए पशुधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष राज्यमंत्री राजेंद्र जी सोलंकी साहब, जन अभाव अभियोग विभाग के अध्यक्ष पुखराज जी पाराशर साहब, जिला कांग्रेसी उत्तर एवं दक्षिण के जिलाध्यक्ष सलीम साहब और नरेश जी जोशी सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए**

# तानाशाही के खिलाफ गाँधी चौक बाँका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सत्याग्रह

पटना।कांग्रेस दर्पण

26 मार्च को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बांका के द्वारा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में गांधी चौक पर गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष संकल्प सत्याग्रह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो के प्रभारी भारत यात्री पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना विशेष रुप से उपस्थित रहे कार्यक्रम भारत में लोकतंत्र की जो हत्या हो रही है सांसदों विधायकों विपक्षी नेताओं का बोलने की आजादी चीनी जा रही है ।

राहुल गांधी जैसे बड़े नेता की संसद से सदस्यता खत्म की जा रही है इसी के मद्देनजर दिल्ली के राजघाट से देश के संपूर्ण जिलों में संकल्प सत्याग्रह का कार्यक्रम आयोजित की गई इस अवसर पर बोलते हुए प्रभारी अमित कुमार टुना ने कहा कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए 11 कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं देश की जनता को आगे आना होगा देश का पैसा लूट कर भागने वालों को सरकार संरक्षण दे रही है और जो नेता देश में लोकतंत्र और भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने के लिए जाना जाता है उसकी सदस्यता खत्म कर दी जा रही है विपक्षी नेताओं को एक एकर जेल में डाला जा रहा है इससे यह साबित हो रहा है कि देश में



अघोषित आपातकाल लागू कर दिया गया है जहां मीडिया संवैधानिक संस्थाएं चुनाव आयोग सब पर दबाव बनाकर सरकार के पक्ष में सभी फैसले कराए जा रहे हैं 2014 के चुनाव के बाद राहुल जी ने कहा था यह सूट बूट की सरकार है।

जब देश की जनता नोटबंदी के समय अपना ही पैसा बैंकों से निकालना चाहती थी तो उन पर लाठियां बरसाई जाती थी उस समय कांग्रेस के नेता श्री राहुल गांधी ने इसका जबरदस्त विरोध किया था और देश को लूटने का कारण बताया था इसके बाद सरकार ने उनकी एसपीजी की सुरक्षा वापस ले ली GST के समय भी एक ही नेता मुखर आवाज में देश की जनता और व्यापारियों के साथ खड़ी थी तो उन्हें हजारों करोड़ खर्च कर भाजपा की सरकार पप्पू साबित करने पर लगातार असफलप्रयास करती रही जब राहुल गांधी जी ने 4000 किलोमीटर पदयात्रा कर कन्याकुमारी से कश्मीर तक लोगों के दुख दर्द नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दुकान खोली और संसद भवन में अदानी और मोदी के रिश्तो के बारे में भोला तो उनकी सदस्यता और संवैधानिक तरीके से साजिश के तहत समाप्त कर दी गई आज लोकतंत्र और भारत का संविधान खतरे में आ गया है नफरत भ्रष्टाचार महंगाई बेरोजगारी पर बोलना गुनाह हो गया है कांग्रेश के एक-एक कार्यकर्ता घर घर जाकर राहुल गांधी के संदेश को और उनके साथ किए गए अत्याचार को पहुंचाएगी बांका जिला कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए अंतिम दिन तक लड़ाई लड़ेगी।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश्वरी प्रसाद यादव लक्ष्मण प्रसाद सिंह संजय झा अजय कुमार सिंह सुनैना झा रेखा सोरेन बिंदा देवी निशा देवीआनंद कृष्ण सिंह दिवाकर यादव मनीष घोष सुबोध मिश्र विनय कापरी धर्मेंद्र धारी जी मनोज चंद्रवंशी शंभू सिंह गिरीश पासवान उमेश महाराणा भानु प्रताप सिंह प्रदीप चतुर्वेदी सिंटू दास राजीव रंजन कुमार बीएचयू एनएसयूआई के samendra प्रताप विपिन शर्मा उमेश शाह सुभाष कुमार यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। सुरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमिटी पिछड़ा प्रकोष्ठ बाँका।

# राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त करने का विरोध



पटना।कांग्रेस दर्पण

बढ़ती मंहगाई ,विदेश नीति, सीमा सुरक्षा का मुद्दा देश के संपत्ति का अदानी द्वारा लूटने एवं संसद में आवाज उठाने पर राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त करने तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने के विरोध में पटरघट प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष नवीन शंकर झा के द्वारा की गई।मौके पर कांग्रेस के पूर्व सचिव गौतम सागर, मोहम्मद फिरोज आलम, राजेश भगत अमरिंदर साह, धीरज सिंह, साजन झा मोहम्मद अनवर, रूपेश जा शुभम् रोशन कुमार गौरव सिंह महमदपुर का राजकुमार साह कृष्णमोहन महतो आदि नेता कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भारत के जनता को यह तय करना होगा कि मोदी की ईस्ट इंडिया कंपनी के नीतियों के साथ जाना चाहते हैं या जनतंत्र के लिए जो लड़ रहे हैं उनके साथ :- अमित

पटना।कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस जनता के लिए सड़क पर संघर्ष कर रही है, लेकिन जनता को भी यह तय करना होगा कि वह जनतंत्र के साथ जाना चाहती है या ईस्ट इंडिया कंपनी के नीतियों के साथ। ईस्ट इंडिया कंपनी के नीतियों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन छेड़ना पड़ा था हमारे पूर्वजों को, यह कभी भूलना नहीं चाहिए हमे, लगभग 200 सालों की लड़ाई थी, कांग्रेस पार्टी के लोगों ने कितनी कुर्बानियां दी आजादी के लिय। क्या आज फिर हम गुलामी की तरफ बढ़ चले हैं?

सच को आंच से क्यों डर है। जांच कि आंच मे भस्म होने का डर उसको होता है जहां मिलावट हो। अदानी समूह में अगर कोई खोट नहीं है तो, जे. पी. सी, से क्यू डर रही है। विपक्ष का मांग तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में है।

विगत वर्षों का घटनाचक्र साक्षी है कि जो भी इस सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाया उसे सरकार आवाज बंद करने के लिए हर एक असंवैधानिक प्रयास किया। चाहे वह मीडिया हो, नेता हो या और अन्य कोई , सभी के साथ तानाशाह नीति के अंतर्गत ही व्यवहार किया गया। जनता को



सपनों की दुनिया में रखकर देश के लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने के निति पे काम किया जा रहा है। कांग्रेस जनता को सपने से जागा कर सच्चाई का सामना करवाना चाह रही हैं । इसमें कांग्रेस का अपना नुकसान हो रहा है, लेकिन कांग्रेसी रुकेगा नहीं जनतंत्र बचाने की आखिरी सांस तक लड़ाई चलेगी।

अमित कुमार
बिहार प्रदेश कांग्रेस

# राज्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर ने किया बजट घोषणा में स्वीकृत 2 राजकीय महाविद्यालय के संचालन के लिए अस्थाई भवन का निरिक्षण

राजस्थान सरकार की बजट घोषणा 2023 की अनुपालना में चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय पर संस्कृत महाविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय को शीघ्र स्थाई भवन में संचालित करने के लिए राजस्थान धरोहर प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने भवन की विजिट की श्रृंखला में आज गांधीनगर सेक्टर 4 में स्थित पूर्व संचालित केंद्र विद्यालय की बिल्डिंग एवं किला रोड स्थित पूर्व पुरुषार्थी उच्च माध्यमिक विद्यालय का सोमवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बिल्डिंग का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय शिक्षा विभाग के प्रमोद कुमार दशोरा शंभुलाल भट्ट सत्य नारायण आमेरिया पार्षद रामगोपाल लोहार टिंकू धामानी मंडल अध्यक्ष महावीर सिंह डेलवास नवरतन जीनगर के साथ अन्य कार्यकर्ता एवं व अधिकारी मौजूद रहे।




















## सूचना

केंद्र की मोदी सरकार की तानाशाही एवं बाजपाई षड्यंत्र के चलते श्री राहुल गांधी जी की लोकसभा सदस्यता को निरस्त करने के विरोध में कल दिनांक 28 मार्च 2023 मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विधायक राजेंद्र सिंह जी बिधूड़ी साहब के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया जाएगा अतः आप सभी कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस पदाधिकारी कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम को सफल बनावे। धन्यवाद

जय कांग्रेस विजय कांग्रेस जय जवान जय किसान

स्थान -उपखंड कार्यालय के पास गंगरार

# एनएसयूआई के द्वारा पीएम का पुतला दहन




पटना। कांग्रेस दर्पण

दिनांक 27 मार्च 2023 को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के द्वारा जीडी कॉलेज के मुख्य द्वार पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश रंजन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया मौके पर बिहार प्रदेश सचिव प्रिंस कुमार ने कहा की जिस तरह से साजिश के तहत नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करते हुए राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द करवाया है इससे यह साफ झलकता है की वह पूरी तरह से विपक्ष को समाप्त कर देना चाहते हैं हाल के दिनों में हुए भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी की लोकप्रियता जिस प्रकार से बढ़ी है उससे मोदी सरकार पूरी तरह से डरी हुई है।

यह कहीं ना कहीं लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास है जो की अब इस देश का हर एक आम आवाम समझ चुका है यह मोदी सरकार के ताबूत की आखिरी कील साबित होगी। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष राजेश रंजन एवं जिला महासचिव मुरारी कुमार ने कहा की मोदी सरकार पूरी तरह से विपक्ष को समाप्त कर देना चाहती अगर सड़कें सूनी हो जाएंगी तो संसद आवारा हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई सड़कों पर आर पार की लड़ाई लड़ेगी। मौके पर उपस्थित युवा कांग्रेस के जिला महासचिव स्वप्निल कुमार सोनू ने कहा की लोकतंत्र को बचाने के लिए अब छात्र और नौजवानों को एक होना पड़ेगा साथ ही पूरे विपक्ष को अपनी भूमिका तय करनी होगी आज पूरे देश का छात्र नौजवान किसान सभी राहुल गांधी के समर्थन में खड़े हैं जिस तरह से मोदी सरकार हर एक उठती आवाज को बंद कर देना चाहती है इससे देश के लोगों में गुस्से का जनसैलाब उमर रहा है। अभी हम लोग सड़क पर उतरे अगर अब भी यह सरकार नहीं मानती है तो हम लोग राहुल गांधी के साथ जेल भरो आंदोलन भी करेंगे।

मौके पर उपस्थित विक्रम कुमार, ऋषभ कुमार ,राजा कुमार ,समीर कुमार ,दीपक कुमार ,शिवांगी रंजन,निशा कुमारी, कविता एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# समस्तीपुर : युवा कॉंग्रेस कार्यालय मोहनपुर से आक्रोश मार्च निकाला गया




पटना। कांग्रेस दर्पण

दिनांक 27.3. 2023 को समस्तीपुर जिला युवा कॉंग्रेस कमिटी द्वारा युवा कॉंग्रेस कार्यालय मोहनपुर से आक्रोश मार्च निकाला गया। जो क्रांति होटल होते हुए अम्बेडकर स्थल पर सभा मे तबदील होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। जिसकी अध्यक्षता युवा कॉंग्रेस के एखलाकुर रहमान सिद्दीकी ने की। वही श्री एखलाकुर रहमान सिद्दीकी ने कहा कि श्री राहुल गाँधी को जिस तरह फर्जी मानहानि का मुकदमा कर के सूरत कोर्ट ने उनको 23 मार्च को 2 साल सजा सुनाते हुए उसी दिन राहुल गाँधी बेल भी दे दिया। और 24 मार्च को राहुल गाँधी का सांसद से सदस्यता रद कर दिया गया।इससे साफ जाहिर होता है कि साजिश है। अगर निचली अदालत किसी को सजा सुनाती है तो उनको ऊपरी अदालत में जाने के लिये 30 दिनों का समय दिया जाता है।जो उनको समय नही दिया गया। और अनं फानन में उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। जो सारा सरी गलत है।ये लोक तंत्र कि हत्या।राहुल गाँधी ने अगर अडानी की 20000 हजार करोड़ कि घोटाले कि जाँच ख.ढ.उ से जांच कि माँग नही करते तो उनकी सदस्यता नही जाती।ये कही न कही मोदी सरकार अडानी को बचाने कि प्रयास कि जारही है। अगर आप सही है।तो इसकी जाँच ख.ढ.उ से जांच करवा लीजये दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।जो भी विपक्षी पार्टियों द्वारा इस सरकार के खिलाफ आवाज उठाएगी उसको इसी तरह केस में फसा कर जेल में भेजने का काम करेगी।जब तक सरकार राहुल गाँधी कि सदस्यता वापस नही लेंगी तब तक युवा कॉंग्रेस सरक से सांसद तक लड़ने का काम करेंगी।मौके पर राजन कुमार समस्तीपुर बिधान सभा अध्यक्ष मनीष कुमार,सुशील कुमार राय,पिंकू पासवान डोमेन राय,बृजेश यादव,बालमुकुंद संजय राय,गुड्डो कुमार,मो नौशाद, मो अरवाज,सुधीर गुप्ता,सुरेंद्र पासवान,आदि उपास्थि थे।

# लोकतंत्र के नवनिर्माण में भस्मासुर सरकार का पतन सुनिश्चित हो

पटना। कांग्रेस दर्पण

अदानी घोटाले में घिरी मोदी सरकार के दबाव में राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म की गई। संसदीय परंपरा में यह पहली दफा है जब सत्ता पक्ष ही संसद नहीं चलने दे रहा है। संसद में विपक्ष, अदानी घोटाले की जेपीसी जांच की लगातार मांग उठा रहा है। अडानी को बचाने में लगी मोदी सरकार ने उल्टे राहुल गांधी की सदस्यता ही खत्म करवा दी। यह देश के लोकतंत्र का मजाक है।भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों के दामन में न्यायालयों से लेकर ईडी, सीबीआई सब का दुरुपयोग कर रही है।

इससे जाहिर होता है कि मोदी सरकार विपक्ष से कितनी डरी हुई है। खासकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से जिन्होंने महात्मा गांधी के रास्ते पर चलते हुए लगातार 5 महीने पैदल यात्रा कर कश्मीर-कन्याकुमारी करीबन 5000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की।

अलग-अलग धर्म-मजहब, अलग-अलग जाति-विरादरी के लोगों की समस्या से अवगत हुए।

अब कुछ ही दिन के बाद उनकी दूसरी यात्रा पश्चिम से पूर्व की ओर घोषित होता::: सामने लोकसभा चुनाव निश्चित रूप से भाजपा की करारी हार होती। घबराए मोदी सरकार ने कानून की धज्जियां उड़ाते हुए लोकसभा सदस्यता समाप्त कर और राहुल



जी के निर्वाचन क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव की घोषणा करवा दिया। उन्हें मालूम नहीं कि कांग्रेस सिर्फ सत्ता के लिए नहीं देश की जनता के सुकून के लिए, उनके समग्र विकास के लिए, संघर्ष करने वाली पार्टी रही है। अंग्रेजी हुकूमत भारत में राज कर रहा था, 1857 के भारतीय विद्रोह में 80 वर्षीय वीर कुंवर सिंह ने आरा की धरती से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का नेत्रित्व किया था। अपने को देश के लिए न्योछावर कर दिए थे।

और आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष 80 वर्षीय मल्लिकार्जुन खरगे सड़क पर उतर गए हैं।

इस बहरी सरकार के विरोध में ।

जब तक इसे गद्दी से नहीं उतारेंगे तब तक चैन से नहीं रहेंगे। लोकतंत्र के निर्माण में भस्मासुर सरकार का पतन तभी सुनिश्चित होगा।

हिंदुत्व के नाम पर हिन्दू कार्ड खेलने वेस्ली मोदी सरकार अब पिछड़ा-पिछड़ा वर्ग की राजनीति करने लगी एक दिन बनिया-बनिया की राजनीति तक सिमट कर रह जायेगी।

देश के 17-17 मीडिया पीएमओ के इशारे पर या उसके आदेश पर न्यूज चलाना बंद कर दे आज आम चुनाव की घोषणा हो जाय यह निकम्मी, एनडीए सरकार धाराशाही हो जाएगी।

राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता समाप्ति की घोषणा पर आरएसएस कार्यकर्त्ता को छोड़ कर भारत और विदेशी सभी संगठनों ने मोदी सरकार की निंदा की है।

श्रीमती इंदिरा गाँधी ने आरएसएस के बारे में संदेह व्यक्त करते हुए आगाह की थी----जिस दिन भारत में आरएसएस विचारक उच्चस्थ गद्दी पर अधिकार जमा लेगा उस दिन ना बचेगा लोकतंत्र, ना बचेगी बुनियादी सुबिधा युक्त सरकारी संगठन, स्कूल, कॉलेज, रेल, जेल, उद्योग, बैंक सब कुछ निजी हाथों को सौंप दिया जाएगा।

आज उनकी बात सत्य साबित हुआ।
मोदी राज भठ युग राज में तब्दील हो गया।

**रणजीत कुमार मुखिया जी, पूर्व जिला सचिव, बेगूसराय कांग्रेस कमेटी**